एक नजर में

## वरिष्ठ नागरिकों को दी योजनाओं की जानकारी



**इंदौर.** भारतीय स्टेट बैंक डेली कॉलेज रोड पर शाखा प्रारम्भ होने पर शाखा प्रबंधक शैफाली गुप्ता ने क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को बैंक परिसर में आमंत्रित कर बैंक की विभिन्न बचत योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की और निवेदन किया कि वे शाखा में अधिक से अधिक बचत के खाते खोले और अपनी जमा पूंजी विभिन्न योजनाओं में निवेश कर लाभ उठाएं. प्रारंभ में मध्य प्रदेश वरिष्ठ नागरिक कल्याण केंद्र के अध्यक्ष पुरुषोत्तम वाघमारे एवं सचिव हरीश जोशी ने शाखा प्रबंधक शैफाली गुप्ता का पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया। केंद्र के अध्यक्ष पुरुषोत्तम वाघमारे ने क्षेत्र में बैंक की शाखा खोलने के लिए उप महाप्रबंधक को धन्यवाद दिया. यह जानकारी प्रवीण जोशी ने दी. इस अवसर पर कैलाश पुरोहित किशोर जोशी, दिनेश व्यास, संजय चौधरी, रमेश शर्मा नागेश सोनी संजय चौहान, ओम पंडित, ओ पी कौशिक, आनंद अरोड़ा, मुकेश सुखेती आदि उपस्थित थे.

## गर्भ संस्कार शिविर कार्यक्रम 22 को



**इंदौर.** गर्भवती माताओं और उनके परिवार को जागरूक, सक्षम और आत्मविश्वासी बनाने के उद्देश्य से लाइफ केयर हॉस्पिटल में 22 फरवरी को प्रात: 8 बजे गर्भ संस्कार शिविर एवं बेबी शॉवर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. शिविर की जानकारी देते हुए स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. ब्रजबाला तिवारी ने बताया कि गर्भ संस्कार शिविर के दौरान गर्भावस्था के दौरान माँ के विचार, भावनाओं और जीवनशैली के माध्यम से गर्भस्थ शिशु के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास को सकारात्मक दिशा दी जाती है. प्राचीन भारतीय ग्रंथों जैसे गरुड़ पुराण और महाभारत में भी गर्भ संस्कार का उल्लेख मिलता है, जो इसके महत्व को दर्शाता है. गर्भ संस्कार वर्कशॉप के दौरान योग, नियमित एवं सुरक्षित व्यायाम, संतुलित आहार, एवं सकारात्मक मानसिक वातावरण भी दिया जाता है जिससे सामान्य डिलीवरी की संभावना को काफी हद तक बढ़ाया जा सकता है. शिविर में डॉ. कनकप्रिया तिवारी मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान करेंगी. वहीं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. इशिका यादव एवं डॉ. मुस्कान चौहान सामान्य प्रसव को आसान बनाने वाले विशेष व्यायाम सिखाएँगी. इसके अतिरिक्त, डायटीशियन संवेदिता मालवीय गर्भावस्था में आवश्यक प्रोटीन और विटामिन युक्त संतुलित आहार की सम्पूर्ण जानकारी देंगी. साथ ही, बेबी शॉवर कार्यक्रम, केक कटिंग, फोटो शूट, गुडिज एवं आकर्षक उपहार भी दिए जाएँगे, जिससे यह आयोजन माताओं के लिए यादगार अनुभव बनेगा. पंजीयन के लिए नाममात्र शुल्क रखा गया है

## तीन दिवसीय जात्रा का आयोजन आज से

**इंदौर.** गांधी हॉल परिसर में 20 से 22 फरवरी तक जात्रा-2026 का भव्य आयोजन होगा. जनजातीय सामाजिक सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस तीन दिवसीय उत्सव का उद्देश्य प्रदेश की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और प्रकृति-आधारित जीवनशैली को नई पीढ़ी से जोड़ना है. आयोजन की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष देवकीनंदन तिवारी और कार्यक्रम संयोजन गिरीश चव्हाण ने बताया कि इस वर्ष जात्रा की थीम %पारंपरिक रंग, सुर और स्वाद रखी गई है. आयोजन में प्रदेश के आदिवासी अंचलों से आने वाले कलाकार पारंपरिक नृत्य और लोक प्रस्तुतियाँ देंगे। भगोरिया और मांदल गीतों की गूंज पूरे परिसर में सुनाई देगी. इस दौरान भगोरिया पर्व पर आधारित विशेष फोटो प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। वही प्रदेश के धार, झाबुआ और अलीराजपुर के आदिवासी अंचलों की प्रसिद्ध पिथोरा कला भी इस बार जात्रा का विशेष बनाएगी. ट्राइबल फाउंडेशन द्वारा स्थापित पिथोरा आर्ट गैलरी में 25 से अधिक चुनिंदा पिथोरा पेंटिंग्स प्रदर्शित की जाएंगी. इन चित्रों में आदिवासी जीवन, आस्था, प्रकृति और उत्सवों की झलक सजीव रूप में दिखाई देगी. यह आयोजन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और नई पीढ़ी तक उसके गौरवपूर्ण हस्तांतरण का माध्यम बनेगा. हमारा प्रयास है कि शहरवासी न केवल जनजातीय कला, संगीत और व्यंजनों का आनंद लें, बल्कि उनके जीवन मूल्यों और प्रकृति के प्रति संवेदनशील सोच को भी समझें. यह आयोजन स्थानीय कलाकारों को मंच देने और उनकी कला को व्यापक पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण अवसर है. वहीं कार्यक्रम के सह-संयोजक आशीष गुप्ता ने बताया कि मेले में जनजातीय कलाकारों की हस्तशिल्प प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जहाँ आगंतुक पारंपरिक शिल्पकृतियों को देख और खरीद सकेंगे. साथ ही जनजातीय व्यंजनों के विशेष स्टॉल शहरवासियों को पारंपरिक स्वाद का अनुभव कराएंगे.

## अखंड काव्य धारा-2026 साझा संकलन ऑनलाइन लोकार्पित



**इंदौर.** कविता मनुष्य की मौन संवेदना की मुखर अभिव्यक्ति है, यही अभिव्यक्ति मनुष्यता की पहचान है. संस्था अखंड संडे का समर्पण इस संवेदना के प्रति अदभुत है वे इस काव्य धारा की निरंतरता को कभी खंडित नहीं होने देते और उनका यह रचनात्मक यज्ञ सम्पन्न होता रहता है. यह बातें प्रख्यात ललित निबंधकार नर्मदाप्रसाद उपाध्याय ने संस्था अखंड संडे के 29वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रकाशित अखंड काव्यधारा 2026 भाग-6 के आनलाइन लोकार्पण अवसर पर कही. इस अवसर पर साहित्य अकादमी के निदेशक डा. विकास दवे ने कहा कि संस्था अखंड संडे लम्बे समय से अखंड साधना की तरह इस काव्य अनुष्ठान को, साहित्य अनुष्ठान को सुचारू रूप से चलाने का काम कर रही है जो वंदनीय एवं स्तुत्य है. वहीं वृंदावन से प्रख्यात साहित्यकार यूपी रत्न डा. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि इस संग्रह में 131 रचनाकारों की कविता गीत, गजल, दोहा पर 263 उत्कृष्ट रचनाएँ संकलित हैं। काव्य की यह अविरल धारा समाज में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने में सहायक है. कृति संपादक मुकेश इंदौरी ने कहा कि अखंड काव्यधारा अनवरत बहती रहती है. यह धारा न किसी कालखंड में ठहरती है, न किसी विचारधारा की सीमा में बंधती है. अखंड काव्यधारा जोड़ने का काम करती है. इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ योगेंद्र शुक्ल, ज्योति जैन, मुंबई से डॉ. रमेश गुप्त मिलन, लखनऊ से डॉ. सुधा वशिष्ठ, अनिल ओझा, रमेश चंद्र शर्मा, कार्तिकेय त्रिपाठी, डॉ. शशि कला अवस्थी, डॉ दीप्ति गुप्ता, डॉ. अंजुल कंसल, आशा जाखड़, डॉ शशि निगम, संतोष तोषनीवाल, भावना दामले, रत्ना यादव आदि कई साहित्यकार उपस्थित थे.

## पिट्टू प्रतियोगिता में इंदौर संभाग का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**इंदौर.** राज्य स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता सत्र 2025-26 में इंदौर संभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस जयवंती हाक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल द्वारा आयोजित की गई, उस पुरुष वर्ग में इंदौर संभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया तथा महिला वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल अर्जित किया. इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर चंदू शिंदे, माँ कंकश्वरि देवी शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र सिंह राठौर, क्रीड़ा अधिकारी डॉ बबीता अग्रवाल, पुरुष दल के प्रबंधक लवकुश निरंजन, महिला दल की प्रबंधक डॉ शिल्पा सिंह समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों की हौसला-अफ़ज़ाई करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान कीं. राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए मां कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय के खिलाड़ी अनुराग नामदेव, विजय, निखिल सोलंकी, अंजलि भूरिया, एवं वंशिका वर्मा शामिल थे.

# बरलई शुगर मिल की जमीन उद्योगपतियों को देने का विरोध

- कांग्रेस ने कलेक्टर कार्यालय पर किया प्रदर्शन
- शेयर धारक किसानों को मुआवजा देने की मांग



नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज बरलई शुगर मिल की जमीन शासन द्वारा उद्योगपतियों को आवंटित कर विकास कार्य करने का कांग्रेस ने कलेक्टर कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया. कांग्रेस की मांग थी कि बरलई शुगर मिल के किसान शेयर धारक थे और उनसे पूछे बैगर ही सरकार ने जमीन आवंटित कर विकास शुरू कर दिया. कांग्रेस ने मांग की है कि किसानों को उनके शेयर का मुआवजा दें और जब तक मुजावज नहीं मिलता, तब तक विकास कार्य बंद कर दें.**

आज कलेक्ट्रेट कार्यालय पर बरलई शुगर मिल की जमीन देने के विरोध में किसानों के साथ कांग्रेस ने प्रदर्शन किया. प्रदर्शन में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसानों ने भाग लिया. इस दौरान किसान राज्य सत्कार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर कारवाई के मांग कर रहे थे. प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े बताया कि करीब 50 साल पहले किसानों ने बरलई शुगर मिल के शेयर 500 सौ रुपए में खरीदे थे. उक्त शुगर मिल में 5 हजार किसानों ने पैसा लगाया था. मिल करीब 200 बीघा जमीन पर बनाई थी. किसानों का पैसा मिल में लगा होने के बावजूद शासन ने जमीन उद्योगपतियों को आवंटित कर दी, जबकि 600 सौ किसानों ने जमीन एमपीआईडीसी को देने का विरोध करते हर आपत्ति लगाई थी. प्रशासन ने किसानों की आपत्ति पर सुनवाई नहीं की और विकास कार्य शुरू कर दिया. उक्त मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन कर कांग्रेस ने स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार से किसानों को मुआवजा या जमीन देने की मांग की है. साथ ही मिल की जमीन पर किसानों का निर्णय होने तक विकास कार्य रोकने की भी मांग की है.

### तीन दिन में काम बंद नहीं करवाया तो आंदोलन

जिला अध्यक्ष वानखेड़े ने कहा कि 3 दिन में सरकार ने काम बंद नहीं करवाया तो आंदोलन किया जाएगा. किसानों के हक की लड़ाई कांग्रेस निरंतर लड़ती रहेगी. प्रदर्शन के दौरान पूर्व दुग्ध संघ अध्यक्ष मोतीसिंह पटेल, पूर्व विधायक सतनारायण पटेल, पूर्व अध्यक्ष सदाशिव यादव, किसान संघ के जीत ठाकुर, पार्षद कुणाल चौधरी, हंसराज मंडलोई सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे.

# प्रसूति सेवाओं में उत्कृष्टता की मिसाल बना पीसी सेठी अस्पताल

- गुणवत्ता सुधार में उच्च अंक हासिल कर बनाई राज्य में अग्रणी पहचान

**इंदौर.** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार के लिए संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत शासकीय पीसी सेठी चिकित्सालय ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है. राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मूल्यांकन में उच्च अंक प्राप्त कर अस्पताल ने जिले को गौरवान्वित किया है.

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रारंभ इस पहल का उद्देश्य शासकीय प्रसव कक्षों, प्रसूति ऑपरेशन थिएटरों तथा गहन देखभाल इकाइयों में गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है. इसके अंतर्गत आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता, पर्याप्त स्टाफ, प्रशिक्षण तथा प्रसव कक्षों की प्रक्रियाओं में सुधार सुनिश्चित किया जाता है. माताओं की गोपनीयता, सम्मानजनक व्यवहार और किसी प्रकार की अवैध वसूली पर पूर्ण रोक भी कार्यक्रम के प्रमुख बिंदु हैं. 8 जनवरी 2021 को हुए प्रथम राष्ट्रीय वर्चुअल मूल्यांकन में चिकित्सालय को 97 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए. वर्ष 2022 में हुए भौतिक राष्ट्रीय मूल्यांकन में 93 प्रतिशत अंक के साथ संस्था को प्लेटिनम श्रेणी का सम्मान मिला. इसके बाद राज्य स्तरीय मूल्यांकन में भी 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अस्पताल ने निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कायम रखा. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने चिकित्सकों और स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि जिले की अन्य शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं को भी शीघ्र इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमाणित कराया जाएगा, ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में व्यापक सुधार सुनिश्चित हो सके.

# एमडी ड्रग्स तस्करी मामले में फरार आरोपी धराया

- 1.40 लाख रुपए की 14 ग्राम एमडी मामले में थी तलाश



नव भारत न्यूज

**इंदौर. अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच को एक और बड़ी सफलता मिली है. एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी हसन अली को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है.**

बीती 12 फरवरी को क्राइम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी कासिम खान को अवैध ड्रग्स के साथ पकड़ा था. कासिम से हुई पूछताछ के आधार पर पुलिस ने रिजवान अंसारी निवासी साउथ तोडा को गिरफ्तार किया. इन आरोपियों के पास से करीब 14 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी जब्त की गई थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1.40 लाख रुपये आंकी गई है. रिजवान अंसारी से पूछताछ के दौरान पुलिस को तीसरे आरोपी हसन अली निवासी दौलतगंज के बारे में जानकारी मिली थी. आरोपी हसन अली घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था.

### मुखबिर और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से दबोचा

क्राइम ब्रांच की टीम ने सटीक मुखबिरी और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से उसे ट्रेस किया और अंतत: उसे हिरासत में ले लिया. पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी हसन अली ने केवल 5वीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त की है और वह रिपेयरिंग का काम करता था. काम की आड़ में वह ड्रग्स तस्करी के इस अवैध नेटवर्क से जुड़ा हुआ था. क्राइम ब्रांच के अधिकारियों का कहना है कि आरोपी हसन अली से विस्तृत पूछताछ की जा रही है. प्रारंभिक पूछताछ में नशे के कारोबार से जुड़े कई अन्य संदिग्धों के नाम सामने आने की संभावना है. पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह ड्रग्स कहाँ से लाई जा रही थी और शहर में इसके मुख्य खरीदार कौन हैं.

# ऑपरेशन के दौरान पेट में छूट गया था उपकरण, पांच लाख का देना होगा मुआवजा

- चिकित्सकीय लापरवाही सिद्ध, जिला उपभोक्ता आयोग ने दिया महत्वपूर्ण आदेश

**इंदौर.** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग क्रमांक- एक, इंदौर द्वारा चिकित्सकीय लापरवाही के एक प्रकरण में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया गया है. आयोग ने शिकायतकर्ता शांताबाई पति मांगीलाल के पक्ष में निर्णय देते हुए चिकित्सक डॉ. विजय सोनी को सेवा में कमी का दोषी ठहराया है. इस प्रकरण में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग क्रमांक-एक के अध्यक्ष विकास राय, सदस्य कुंदन सिंह चौहान और डॉ. निधि बारंगे द्वारा सुनवाई की गई और सदस्य कुंदन सिंह चौहान द्वारा आदेश पारित किया गया.

शिकायतकर्ता शांताबाई पति मांगीलाल को 17 मार्च 2015 को गाल ब्लैडर में पथरी की समस्या के चलते बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां 18 मार्च 2015 को डॉ. विजय सोनी द्वारा शल्य चिकित्सा की गई. ऑपरेशन के पश्चात शिकायतकर्ता शांताबाई को लगातार पेट दर्द की शिकायत बनी रही. शांताबाई द्वारा सोनोग्राफी एवं एक्स-रे कराया गया. जांच में यह तथ्य सामने आया कि शल्य चिकित्सा के दौरान प्रयुक्त धातु का उपकरण श्रीमती शांताबाई के शरीर के अंदर छूट गया था. आयोग के समक्ष प्रस्तुत मेडिकल अभिलेखों, जांच रिपोर्टों एवं साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट पाया गया कि चिकित्सक डॉ. विजय सोनी द्वारा शल्य चिकित्सा के दौरान गंभीर लापरवाही बरती गई, जिससे शिकायतकर्ता श्रीमती शांताबाई को पुन: उपचार कराना पड़ा तथा मानसिक एवं शारीरिक कष्ट झेलना पड़ा। आयोग ने इसे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत सेवा में गंभीर कमी माना है.

### 45 दिन के अंदर करना होगा भुगतान

आयोग ने चिकित्सक डॉ. विजय सोनी को निर्देशित किया है कि वे शिकायतकर्ता शांताबाई को कुल पांच लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि अदा करें. इसके अतिरिक्त श्रीमती शांताबाई को मानसिक कष्ट के लिये 50 हजार रुपये एवं परिवाद व्यय की राशि 25 हजार रूपये देने के भी निर्देश दिये गये है. चिकित्सक डॉ. विजय सोनी को यह राशि आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर भुगतान की जानी होगी. निर्धारित अवधि में मुआवजा राशि का भुगतान न किए जाने की स्थिति में नियमानुसार ब्याज भी देय होगा.

# बेमौसम बारिश से गेहूं की फसल प्रभावित

- खेतों में पहुंचे अधिकारी



**इंदौर.** जिले में बीती रात हुई बेमौसम बारिश एवं तेज हवाओं के कारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है. विशेष रूप से सांवेर, बालौदा, टाकून, पोटलोद, रतनखेड़ी, बसान्द्रा, नाहरखेडा, एवं देपालपुर के नेवरी, चटवाड़ा, पिपलोदा खड़ी, बरोदा पंथ, बैंगन्दा, सगड़ोद हातोद, इंदौर तहसील के गांव नैनोद रिजंलाई, जम्मुडी हाप्सी, कलमेंर रोजडी के आसपास के गांवों में खेतों में तैयार फसल आड़ी (गिर) गई है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है.

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने तत्काल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया. कृषि अधिकारी एवं ग्राम सेवक रणजीत ठाकुर द्वारा खेतों में पहुंचकर फसल की नुकसानी का निरीक्षण एवं सर्वे कार्य प्रारंभ किया गया. अधिकारियों ने किसानों से चर्चा कर उन्हें आश्वस्त किया कि नुकसान का निष्पक्ष एवं पारदर्शी आकलन कर शीघ्र प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा. किसान नेता बबलू जाधव ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित गांवों में सर्वे कार्य शीघ्र पूर्ण कर राजस्व पुस्तिका परिपत्र के तहत पात्र किसानों को त्वरित मुआवजा प्रदान किया जाए. उन्होंने यह भी आग्रह किया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमित किसानों को नियमानुसार बीमा लाभ दिलाया जाए, ताकि किसानों को समय पर आर्थिक संबल मिल सके.

### सर्वे कार्य में सहयोग करें

प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि शासन किसानों के हितों के प्रति संवेदनशील है तथा राहत एवं सहायता की प्रक्रिया प्राथमिकता के आधार पर पूरी की जाएगी. किसानों से अपील की गई है कि वे सर्वे कार्य में सहयोग करें और आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं. जिला प्रशासन प्रभावित किसानों के साथ खड़ा है और शीघ्र राहत सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है.

# राज्य अतिथि व्यवस्थाओं में लापरवाही पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

- कलेक्टर ने 6 अधिकारियों को जारी किये कारण बताओ नोटिस

**इंदौर.** राज्यपाल का 16 फरवरी 2025 को रेसीडेंसी कोठी, इंदौर में रात्रि विश्राम रहा. इस दौरान रात्रिकालीन ड्यूटी में संयुक्त कलेक्टर अजीत कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी तहसीलदार चौखा लाल टांक, एम.पी.आर.डी.सी. के प्रबंधक गगन भवर तथा श्रम निरीक्षक तृप्ति डावर उपस्थित थे.

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि चर्चा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि राज्यपाल के ओ.एस.डी. द्वारा बेडशीट बदलने का अनुरोध किए जाने के बावजूद संबंधित सेवा प्रदाता रतन एम्पोरियम के कर्मचारी द्वारा यह कार्य नहीं किया गया. सुबह ओ.एस.डी. एवं ए.डी.सी. द्वारा किचन निरीक्षण में डस्टबीन बंद अवस्था में नहीं पाई गई तथा स्वच्छता की स्थिति संतोषजनक नहीं पायी गई. सोशल मीडिया पर खाद्य सामग्री में काकरोच पाए जाने संबंधी प्रचार पूर्णत: असत्य एवं भ्रामक है. राज्यपाल के स्टाफ द्वारा सिर्फ सफाई को लेकर असंतोष व्यक्त किया गया था. उक्त लापरवाही संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा एवं एडीएम द्वारा प्रबंधक रतन एम्पोरियम, रेसीडेंसी कोठी इंदौर को इस गंभीर कर्तव्यहीनता के लिए तत्काल सेवा समाप्त करने हेतु मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग इंदौर को निर्देश दिए गये. जिस पर मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रबंधक रतन एम्पोरियम को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया गया.

कलेक्टर कार्यालय द्वारा जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों को उक्त लापरवाही को लेकर डिप्टी कलेक्टर सुश्री सीमा कनेश मोर्य, तहसीलदार राजेश सोनी, श्रम निरीक्षक संजय पाटील, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अजय अस्थाना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



# फाग महोत्सव का पहला न्योता खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी को

इंदौर. श्री अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर के तत्वावधान में रंगारंग फाग महोत्सव का दिव्य आयोजन 28 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव का पहला न्योता गुरुवार को खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी को संस्था के समन्वयक गणेश गोयल, विजय मित्तल, अजय मित्तल एवं सोनू अग्रवाल के मार्गदर्शन में समर्पित किया गया. फाग महोत्सव में अनेक कलाकार होली से जुड़े मधुर गीतों, भजनों एवं संकीर्तन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे. खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी को निमंत्रण समर्पित करने और महाआरती में संजय अग्रवाल, अश्विन गोयल, सत्यप्रकाश अग्रवाल काका, अरुण गोयल, राकेश अग्रवाल, वीरेन्द्र अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, अक्षय मित्तल, सुरेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, विनय गुप्ता एवं नागेन्द्र सिंघल सहित मंच के प्रमुख सहयोगी साथी उपस्थित रहे. इस मौके पर सोनू अग्रवाल ने प्रतिमाह एक धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन करने का संकल्प दिलाया. समन्वयक गणेश गोयल, विजय मित्तल, अजय मित्तल एवं सोनू अग्रवाल ने फाग महोत्सव का ब्यौरा देते हुए समाज बंधुओं से आग्रह किया कि वे सपरिवार इस रंगारंग उत्सव में भागीदार बनें.

एक नजर में

छत्रपति शिवाजी जयंती राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना दिवस के रूप में संपन्न

# युवा पीढ़ी को छत्रपति शिवाजी के विचारों से सींचना चाहिए



**इंदौर. युवा पीढ़ी को अगर सही मार्गदर्शन देना है तो उन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज के विचारों से इस प्रकार सींचना चाहिए ताकि उनमें शिवाजी महाराज के समान उच्च विचार उत्पन्न हो तथा युवा पीढ़ी को आत्म चिंतन करने का अवसर मिले. शिवाजी महाराज अपने जन्म से नहीं अपितु कर्म से राजा बने. वे एक महान युगपुरूष थे हम उनके जीवन से दिशा निर्देश प्राप्त करते हैं.**

उक्त विचार छत्रपति शिवाजी प्रतिष्ठान एवं मप्र. क्षत्रिय मराठा मण्डल द्वारा इंदौर में छत्रपति शिवाजी महाराज की 396 जयंती के अवसर पर छत्रपति शिवाजी प्रतिमा स्थल पर आयोजित चार दिवसीय सार्वजनिक छत्रपति शिवाजी जयंती समारोह का शुभारम्भ करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में सांसद शंकर लालवानी में व्यक्त किए. विशेष अतिथि इंदौर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन वानखेड़े एवं प्रसिद्ध वक्ता श्री मयंक शर्मा उपस्थित थे. युवा वक्ता मयंक शर्मा ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों ओर कम साधनों में काम कर अपने लक्ष्यों में सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा हमें छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से मिलती है. शिवाजी महाराज ने निराशा के वातावरण में आशा की किरण दिखाई एवं एक शक्तिशाली साम्राज्य का निर्माण किया. अतिथियों का स्वागत सर्वश्री मनोहर पवार, बबन कदम, अशोक गायकवाड़, विनोद नागरे, रविंद्र गट, अमित अमनापुरकर, ललित ठोम्बरे, प्रभाकर चोखण्डे, रवि रघुवंशी, रवि सोमवंशी, साक्षी नागरे, डॉ.आशा गायकवाड,, राधा पवार, लता पवार सहित म.प्र. क्षत्रिय मराठा मंडल, छत्रपति शिवाजी प्रतिष्ठान, क्षत्रिय मराठा समाज, छत्रपति शिवाजी सहकारी साख संस्था, मातोश्री जिजामाता महिला मंडल आदि के पदाधिकारियों ने किया. स्वागत भाषण अध्यक्ष मनोहर पवार एडवोकेट ने किया. संचालन हरिशंकर रायकवार ने किया. संस्था की जानकारी दीपक फालके ने दी. आभार लोकेश सरोशे ने माना.

### संपूर्ण जीवन ही प्रेरणादायी

विशेष अतिथि विपिन वानखेड़े ने शिवाजी महाराज के साहस एवं कौशल का वर्णन करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही और कहा कि माता जीजा के आत्म विश्वास एवं आदर्शो ने शिवाजी महाराज को एक महान पुरूष बनाया. शिवाजी महाराज का सम्पूर्ण जीवन ही हमारे लिए प्रेरणादायी है, उनका दृढ़ निश्चय हमे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है.